लॉयंस क्लब झुंझुनूं की 44वीं चार्टर नाईट संपन्न

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं की 44वीं चार्टर नाईट स्थानीय मोदी रोड स्थित गाडिया टाउन हॉल में बुधवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई-1 के प्रांतपाल पीएमजेएफ लॉयन सुनिल अरोड़ा, मुख्य वक्ता पूर्व बहुप्रांतीय चेयरमैन एमजेएफ लॉयन रोशन सेठी, विशिष्ट अतिथि प्रथम सह प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन सुधीर वाजपेयी, द्वितीय सह प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन आशुतोष वशिष्ठ, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल, रीजन चेयरमैन एमजेएफ लॉयन अनिल गोयल, जोन चेयरमैन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़ एवं क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा सहित अन्य क्लब पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुई। क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत ने सभा प्रारंभ करने की घोषणा की। लॉयन शकुंतला पुरोहित द्वारा ध्वज वंदना तथा विश्व शांति के लिए एक मिनट की मौन प्रार्थना की गई। प्रथम उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। क्लब कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़ ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वर्षभर की गतिविधियों का लेखा जोखा लॉयंस क्लब झुंझुनूं की ओर से सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता ने प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सह प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन आशुतोष वशिष्ठ द्वारा क्लब के नए सदस्यों को लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल के बारे में जानकारी करवाते हुए उन्हें विधिवत शपथ ग्रहण करवाकर सदस्य घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सेवाभावी सदस्यों का प्रांतीय पिन लगाकर सम्मान किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा एमजेएफ एवं चार्टर सदस्यों का, क्लब में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले सदस्यों का, क्लब गतिविधियों के संयोजकों का, क्लब गतिविधियों में सहयोगी रहे सेवाभावी व्यक्तियो एवं क्लब के सक्रिय सदस्यों का सम्मान किया गया। समारोह का कुशल संचालन लॉयन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत एवं एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान द्वारा बहुत ही शानदार एवं रोचक ढंग से किया गया। अतिथियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ तीन लॉयन सदस्यों में प्रथम लॉयन शकुंतला पुरोहित को डॉ. कुंदनबाला जैन मेमोरियल ट्रॉफी, द्वितीय लायन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत को डाबराईट ट्राफी, तृतीय लायन एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया को माई झुंझुनूं डॉट कॉम ट्रॉफी, रेणु एवं जयंत सोगानी तथा एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के सानिध्य में प्रदान की गई। समारोह में क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, डॉ. बबिता कुमावत, गोपाल कृष्ण गुप्ता, किशनलाल जांगिड़, शिव कुमार जांगिड़, डॉ. देवेंद्र शेखावत, एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, डॉ. एनएस नरूका, रतनलाल शर्मा, शकुंतला पुरोहित, विनिता शर्मा, उषा शर्मा, कैलाशचंद्र सिंघानिया, ओमप्रकाश जांगिड़, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, जुगलकिशोर पाटोदिया, सीए पवन केडिया, एमजेएफ लॉयन डॉ. उमर कुरैशी, रमेश जांगिड़, विनोद सिंघानिया, एडवोकेट संजय शर्मा, धर्मपाल कुमावत, सुभाष पंसारी, प्रहलाद अग्रवाल, रामप्रताप कुमावत, ओमप्रकाश मूंड, एमजेएफ लॉयन श्यामसुंदर डालमिया, एमजेएफ लॉयन राजेश गुप्ता, सहित अन्य गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

लॉयंस क्लब झुंझुनूं की 44वीं चार्टर नाईट स्थानीय मोदी रोड स्थित गाडिया टाउन हॉल में संपन्न हुई।

- अतिथियों ने हजारों की संख्या में बांटी जरूरतमंदों को कंबल एवं भोजन पैकेट

ए.पी.एस. स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ

चिड़ावा। शहर के खेतड़ी रोड़ स्थित एपीएस स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ समारोहपूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉर्डी संदीप चौधरी ने बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में आगे आने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि जिला परिवहन अधिकारी माखन लाल जांगिड़, भाजपा जिला मंत्री महेंद्र चंदवा, नेशनल बास्केटबॉल एथलीट कर्मपाल गहलावत, नेशनल फुटबॉल एथलीट अमित गहलावत और नेशनल क्रॉस कंट्री एथलीट नरेश कुलहरी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। एपीएस स्कूल के संचालक डॉ. हरिसिंह पायल, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव, सरस्वती स्कूल के प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह भास्कर, अनिता पायल, पीआरओ डॉ. जीसी शर्मा, एकेडमिक हेड मनमोहन शर्मा, एचओडी सैनिक एकेडमी वीरेंद्र पायल, सचिव अनिल बराला, एचओडी फाउंडेशन धीरज कुमार, अंतर्राष्ट्रीय तवाईकांडो कोच राकेश सैनी ने अतिथियों का माला, साफा और स्कूल की नन्ही बालिकाओं द्वारा तिलक लगा कर सम्मान किया। सरस्वती पूजन के बाद अतिथियों ने विधिवत स्पोर्ट्स मीट ट्रॉफी का उद्घाटन किया। वहीं स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने सुन्दर सुन्दर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। इस अवसर पर पीटीआई अरविंद कुमार, सहित स्कूल स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

पाटन, (निसं)। गौड ब्राह्मण महासभा तहसील पाटन इकाई का वार्षिक वरिष्ठ जन सम्मान, प्रतिभा सम्मान व स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के आयोजन में सर्वप्रथम भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर परशुराम की वंदना के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौड ब्राह्मण महासभा जयपुर राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंग्या ,राजस्थान ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी के के शर्मा सीकर के कर कमलों से 61 वरिष्ठ जनों का सम्मान श्रीमद् भागवत गीता व लोई (शाल) भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में 150 युवा प्रतिभाओ को प्रशंसा पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में पधारे विप्र समाज के अतिथियों ने समाज को अपने प्रबोधन में समाज के विकास के लिए संगठित होने व बच्चों की शिक्षा व उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। समारोह में सैकड़ो सम्मानित विप्र बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दी । समारोह में पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा, समाजसेवी जय भगवान शर्मा , केदार संतोषी, सुरेश चंद शर्मा गौड ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष, अशोक शर्मा, चंद्रभान शर्मा ,रामानंद शर्मा, अरुण शर्मा बिहार,ओमप्रकाश गौतम स्यालोदडा, राजेंद्र शर्मा धांधेला, एडवोकेट मुरारी लाल शर्मा ,एडवोकेट कुंज बिहारी शर्मा, एडवोकेट योगेश शर्मा, मनोज शर्मा बिहारीपुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था रही।

नकिता कुमारी का कॉलेज में किया स्वागत

सादुलपुर, (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाला संस्थान श्रीराम पीजी कॉलेज सादुलपुर के प्रांगण में गुरूवार को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी महाविद्यालय की छात्रा नकिता कुमार का कॉलेज स्टाफ एवं बच्चों की उपस्थिति में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं मिठाई खिलाई गई। शाम साढे पांच बजे दी जानकारी के अनुसार संस्थान निदेशक डॉ. दीपचंद साहू ने बताया कि श्रीराम कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा ने महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी, बीकानेर का प्रतिनिधित्व करते हुए भटिंडा में आयोजित पूरे देश के विश्वविद्यालयों की प्रतियोगिता में पांचवीं जीत के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं साहू ने खिलाडी की आगामी हायर एजुकेशन की शिक्षा निःशुल्क करने एवं इस पदक के लिए 5100 का रूपये का पुरस्कार दिया है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ नूनिया ने बच्चों को खेल भावना के प्रति आकर्षण पैदा करने के लिए कहा। अनीता सांगवान ने लडकियों को विषम परिस्थितियों में आगे बढाने के लिए प्रेरित किया। संचालन पंकज मल ने किया। इस अवसर पर सह निदेशक सूर्य प्रकाश साहू, बीएड प्रभारी सुनीता श्योराण, कॉलेज प्रभारी नीतू शुक्ला, महेंद्र सिंह टुहानिया, सुखबीर, दशरथ राकेश, कांता जांगिड, पूजा तिगलिया, रेहाना, अनु सांगवान, संदीप, मांगीलाल कोच, विक्रम सिंह व अशोक उपस्थित थे।

नाम हटाने का अंतिम मौका 31 जनवरी

सीकर, (निसं)। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत - अभियान चल रहा है। विभागीय निर्देशानुसार इस अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में चयनित सक्षम परिवार अपना नाम स्वेच्छा से 31 जनवरी 2025 तक हटवा सकते है। खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम परिवारों द्वारा निर्धारित समयावधि में स्वेच्छा से अपना नाम नहीं हटवाने पर अपात्र परिवारों से बाजार दर से वसूली करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि - अभियान के दौरान ऐसे व्यक्ति, परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी,अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी, अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जिविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन छोड़कर), उन्हें अपने क्षेत्र में संबंधित उचित मूल्य दुकानों पर सम्पर्क कर नाम हटाने के लिए आवेदन पत्र भरकर देना होगा। उपभोक्ताओ के द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा से नाम हटाने के लिए भरे गये फॉर्म को संबंधित सक्षम प्राधिकृत अधिकारी के स्तर से नाम हटाये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान में 26 दिसम्बर गुरूवार तक 225 राशन कार्ड आवेदनों पर 1016 सदस्यों को खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाए गए है।

निःशुल्क योग शिविर का शुभारम्भ

सादुलपुर, (निसं)। भाई नितिन कुमार एज्यूकेशन एण्ड सोशियल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित आशा देवी ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन, खेमाणा रोड सादुलपुर में श्री अम्बिका योगाश्रम ठाणे (मुम्बई) के मुख्य योग शिक्षक विजय कुमार दाधीच के द्वारा निःशुल्क योग शिविर सप्ताह का शुभारम्भ संस्था चैयरमेन रामप्रताप पूनियां व संस्थान संरक्षिका आशा देवी पूनियां की अध्यक्षता में किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि योग गुरु विजय कुमार दाधीच ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। चैयरमेन रामप्रताप पूनियां ने बताया की योग आयुर्वेद का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कि व्यक्ति को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करता है तथा राष्ट्रीय स्तर भी भारत सरकार के द्वारा योग दिवस मनाकर योग की महता को बढा कर समाज को योग के प्रति जागृत किया जा रहा हैं। इस अवसर पर निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने भी योग के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया और अपने विचारों से अवगत करवाया। संस्था चैयरमेन रामप्रताप पूनियां ने पधारे हुए अतिथियों को माल्यापर्ण एवं शॉल औढाकर हार्दिक अभिन्नदन एवं स्वागत किया। अम्बिका योगाश्रम ठाणे (मुम्बई) के मुख्य योग शिक्षक विजय कुमार दाधीच ने प्रशिक्षणार्थियों को योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है एवं शिविर में योग क्रियायें सिखाईजा रही हैं। प्राचार्य डॉ. विजय सारस्वत ने बताया कि निःशुल्क योग शिविर एक सप्ताह चलेगा। इस अवसर पर गणेश दाधिच, नन्द किशोर दाहिमा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय सारस्वत, प्रबंधक राजबीर झुरिया, संजय कुमार उपस्थित थे।

कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

चूरू, (निसं)। अंचल में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से लोगों की धूजणी छुड़ाकर रख दी है। गुरूवार को लगातार तीसरे दिन घना कोहरा छाया रहा। कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ 5 डिग्री दर्ज किया गया। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे मौसम साफ था, लेकिन दिन चढ़ने के साथ-साथ घना कोहरा बढ़ गया। कोहरे ने सुबह के समय चलने वाले वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। राजगढ़ रेलवे कंट्रोल रूम के अनुसार कोहरे के कारण कई ट्रेनें 15 से 20 मिनट लेट चल रही है। सर्दी से राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। स्कूली बच्चों की शीतकालीन छुट्टियां होने के कारण उनको सर्दी से राहत मिल रही है। कड़ाके की सर्दी के कारण शहर के बाजार सुबह देर से खुलते हैं और शाम को जल्द ही बंद हो जाते हैं। सुबह के समय छाने वाले घने कोहरे से चने, सरसों व गेहूं की फसल को काफी फायदा मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया।

फूलसिंह ओला पर्यवेक्षक नियुक्त

सीकर,। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी वेणु गोपाल ने आदेश जारी कर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एडवोकेट फूल सिंह ओला को दिल्ली विधान सभा चुनावों मे महरौली विधान सभा क्षेत्र के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यहां गौरतलब है कि ओला लंबे समय से कांग्रेस पार्टी मे संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर पार्टी हित मे कार्य कर रहे है। ओला की सक्रियता व कार्य शैली को मध्य नजर रखते हुये एआई सी सी ने उन्हें दिल्ली विधान सभा चुनावों के लिये दायित्व सौंपा है। पार्टी निर्देशों की पालना मे ओला शीघ्र ही दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष से संपर्क कर अपने प्रभार क्षेत्र महरौली मे पार्टी प्रत्याशी के चयन व कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिये मतदाताओं से संपर्क कर गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये कार्य योजना को मूर्त रूप देगें। ओला को पर्यवेक्षक नियुक्त करने पर शेखावाटी अंचल के कांग्रेसजनों ने बधाइयां प्रेषित करते हुये ए आइ सी सी महासचिव के सी वेणु गोपाल का आभार व्यक्त किया है।

मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 7 को

चूरू । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 07 जनवरी 2025 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि पूर्व में अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाना निर्धारित किया गया था।

भाजपा मंडल के द्वारा वीर बाल दिवस मनाया

राजलदेसर, (निसं)। राजलदेसर मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह, फतेह सिंह की शहादत को पुष्पांजलि अर्पित करके मौन रखकर याद किया भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन बोथरा व वीर बाल दिवस के मंडल संयोजक मदन दाधीच ने बताया कि आज का दिन सम्मान देने का दिन है, या यूं कह की समाज की खातिर अपने प्राणों की आहुति देने वाले युवा शहीदों को श्रद्धांजलि देने का दिन है।

दरअसल, गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26दिसंबर को सिख गुरु के पुत्रों की शहादत को चिह्नित करने के लिए वीर बाल दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। इसी के तहत देश भर में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष पवन बोथरा कार्यक्रम संयोजक मदन दाधीच वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर लाल खडोलिया पवन मारू विष्णु प्रजापत किशन मारू रतनलाल बारूपाल राम अवतार पांडे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कृष्णा स्वामी विमल सेवदा काशीराम आदि उपस्थित थे इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कविता एवं भाषण प्रतियोगिता की का भी आयोजन किया गया जिसमें 24 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

- 24 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)। लक्ष्मणगढ़ के ऐतिहासिक दुर्ग के उपर स्थित बालाजी के मंदिर में बुधवार सुबह से गुरूवार सुबह तक अखंड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।मंदिर पुजारी परिवार के गौसेवक संजय जोशी ने बताया कि लोक कल्याण के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार 24 घंटे तक संगीतमय अखंड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन बुधवार को प्रातः पंडित सुधीर जोशी के सानिध्य में मंदिर के पुजारी संजय जोशी ने हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ पाठ शुरू हुआ जो कि गुरुवार सुबह तक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर में व भगवान के प्रति लोगों की आस्था बनी रहे व हनुमान जी की आराधना से सभी नगर वासियों के कष्ट मिटे इसी भावना के साथ इसका आयोजन किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

रतनगढ़, (निसं)। सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान द्वारा सैनी समाज जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी रविवार 29 दिसम्बर को लेकर सैनी समाज के पदाधिकारियों ने गुरुवार को स्थानीय हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में प्रेस वार्ता की। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सेवा संस्थान जिलाध्यक्ष विनोद पापटाण ने कहा कि चंचलनाथ जी का टीला झुंझुनू धाम के महंत संत ओमनाथ महाराज के संत सानिध्य मे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आतिरिक्त राज. पुलिस अधीक्षक जयपुर नन्दलाल सैनी मुख्य अतिथि व पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि एसीजेएम मीना गहलोत, समदड़ी पंचायत समिति बीडीओ रितेश सांखला, विधुत विभाग अधिशासी अभियंता वी.एल सैनी होंगे।

जिला महासचिव गौरीशंकर खडोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाह गोविंद प्रसाद मिटावा, भामाशाह राधाकृष्ण सुईवाल, सरदारशहर व्यापार व उधोग मंडल अध्यक्ष शिवभगवान सैनी, टेंट व्यवसायी निर्मल सैनी, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, न्यायिक अधिकारी आकांक्षा सैनी, न्यायिक अधिकारी वर्षा टाक व सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान जिलाध्यक्ष विनोद कुमार पापटाण विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन होंगे। आयोजित प्रेस वार्ता को जिला संरक्षक ओंकारमल बालाण, कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश टाक ने समाचार प्रेषण की सराहना करते हुए पत्रकारों का साधुवाद दिया। प्रेसवार्ता में श्योकरण जमालपुरिया, चंद्रमोहन तंवर, च्यानण मल राकसिया, महेश सैनी मंचासीन अतिथि थे। इस अवसर पर समारोह आयोजन समिति की ओर से पत्रकारों का दुपट्टा ओढाकर व उपहार देकर सम्मान किया। इस अवसर पर हीरालाल खडोलिया, महेंद्र गौड़, तिलोक कम्मा, मोहनलाल राकसिया, परमेश्वर लाल गौड, नन्दकिशोर गढवाल, गिरधारी लाल राकसिया, ओमप्रकाश गौड़, शिवम सुईवाल, जयचंद गौड़, सत्यनारायण गौड़, विनोद गौड़ सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

विधायक ने किया एन.एस.एस. के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं) । महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, विशिष्ट अतिथि संस्था सचिव डॉ. हनुमान प्रसाद, डीवी शास्त्री व विजयगोपाल थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया एवं आए हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र भांबू ने छात्राओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्र निर्माण में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम से सच्ची देश सेवा की भावना जागृत होती है। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की तथा बताया कि नई शिक्षा नीति भारत के विश्व गुरु बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई एवं महान शासक महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया गया। संस्था सचिव डॉ. हनुमानप्रसाद ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जीवन का परिचय दिया तथा उनके द्वारा किए गए कार्य के बारे में बताया। डीवी शास्त्री ने महान शासक महाराजा सूरजमल के जीवन के बारे में बताया कि वे एक महान शासक थे। उन्होंने अपने जीवन में 80 युद्ध लड़े। सभी में विजय प्राप्त की। एनएसएस प्रभारी डॉ. गोपाल शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी स्वयंसेविकाओं को सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन चंचल मीणा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राए उपस्थित थी।

दूसरे दिन हुई कार्यशाला, किया श्रमदानः- एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने गुरूवार को महाविद्यालय परिसर व बोटनिकल गार्डन में कूड़ा-कचरा एकत्रित कर साफ-सफाई एवं श्रमदान का कार्य किया गया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत संदेश देते हुए महाविद्यालय परिसर में पेड़-पौधों में पानी दिया गया। दूसरे सत्र में जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ ने की तथा मुख्य वक्ता पूर्व चीफ इंजीनियर मालीराम वर्मा थे। मालीराम वर्मा ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्षा का पानी पीने के लिए सर्वश्रेष्ठ होता है। वर्षा का पानी हमारे शरीर में जो आवश्यक तत्व होते है। उनकी पूर्ति कर देता है। इसलिए हमें बारिश के पानी को स्टोर करना चाहिए। एकल नृत्य प्रतियोगिता में अंतिमा ने प्रथम स्थान, अंशु व हिमानी ने द्वितीय स्थान व साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. गोपाल शर्मा नें छात्राओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रिया ने किया।

साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

चिड़ावा । शहर के राजकला कॉम्प्लेक्स स्थित डिस्कवरी में भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया के नेतृत्व में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के धर्म और मानवता की रक्षा में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पार्षद मदन डारा, पार्षद राजेंद्र पाल कोच, पार्षद गंगाधर सैनी, डॉ. बीएल वर्मा, मुकेश खंडेलवाल, मुकेश जलिंद्रा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, जयसिंह नूनिया, सुनील भडिया, संदीप कुमावत, रजनीकांत मिश्रा, मोहित तामडायत, संतोष सैनी, पियूष बाछुका, विश्वनाथ स्वामी, रामनिवास वर्मा, सुशील कोठारी, वीमलेश शर्मा, नवनीत शर्मा, संजय शुक्ला, उमेश टेलर, हरीश और राजकुमार गजराज उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता राजेश दहिया ने साहिबजादों के अद्वितीय साहस और धर्मनिष्ठा को भारतीय इतिहास का गौरव बताते हुए कहा कि उनका बलिदान पूरे समाज को प्रेरणा देता है।

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक उड़ा सकेंगे पतंग

चूरू । जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर मकर संक्रान्ति पर्व पर पतंगबाजी हेतु धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझे व चाईनीज मांझे के उपयोग पर निषेधाज्ञा जारी की है।

इसी के साथ पक्षियों को नुकसान से बचाने के लिए पतंग उड़ाने का समय सवेरे 10 से सांय 04 बजे तक निर्धारित किया है और सुबह-षाम पतंगबाजी करने पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोक स्वास्थ्य व विद्युत संचालन बाधा रहित बनाये रखने एवं पक्षियों के लिये बड़े पैमाने पर खतरा बन चुके धातु निर्मित मांझा व चाइनीज मांझे की थोक एवं खुदरा बिक्री तथा उपयोग की चूरू जिला राजस्व की क्षेत्राधिकारिता में निषेध/प्रतिबंधित करने के आदेश दिए हैं। कोई भी व्यक्ति यदि इस प्रकार के मांझों का भण्डारण, विक्रय या परिवहन करेगा तो उसके विरूद्ध यथा प्रचलित सम्यक कानून के तहत कार्यवाही की जाएगी। आदेश की अवमानना भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा तथा अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार अभियोग चलाया जाएगा। यह आदेश 31 जनवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेशानुसार धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझा व चाइनीज मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण के प्रयोग से तैयार किया जाता है, जो पतंग के पेंच लड़ाने में अधिक कारगर होता है। इस कारण से इसका प्रयोग अधिक किया जाने लगा है। यह मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण से निर्मित होने से धारदार तथा विद्युत का सुचालक होता है। इस समस्या व खतरे के निवारण एवं लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पशु पक्षियों की जान के खतरे तथा विद्युत प्रसारण को बाधा रहित बनाये रखने हेतु चाइनीज मांझे के उपयोग एवं विक्रय को निषेध किया गया है।

- चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध

संभाग स्तरीय युवा महोत्सव आयोजन

सीकर, (निसं)। राज्य की दुर्लभ एवं लुप्त कलाओं एवं संस्कृति को संवर्धन, संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान युवा बोर्ड, राजस्थान सरकार के तत्वावधान में गुरुवार को सीकर संभाग स्तरीय युवा महोत्सव ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान, सीकर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा रहे। कार्यक्रम में संभाग स्तरीय प्रतिभागियों ने ग्रुप फोक डांस, सोलो फोक डांस, ग्रुप फॉक सॉन्ग, सोलो फॉक सॉन्ग सहित कुल 13 गतिविधियों में मनमोहक प्रस्तुतियां दी।कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज आधुनिकता की दौड़ में हमारी मूल चीज जैसे खेल, हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, कला का युवा महोत्सव के माध्यम से संरक्षण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम इन क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य करते हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय संविधान, विकसित भारत, सामाजिक कुरीतियों एवं ऐतिहासिक स्थानों पर आधारित मॉडलस का अवलोकन किया।

संभाग स्तरीय जनसुनवाई में आए उपभोक्ता मीटर की शिकायतें लेकर, आधे घंटे में हुआ समाधान

झुंझुनूं, (निसं) । अजमेर डिस्कॉम के संभागीय मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह ने अपने झुंझुनूं स्थित कार्यालय में गुरूवार को जनसुनवाई की। जिसमें दो उपभोक्ता तो मीटर की शिकायतें लेकर पहुंचे। जिनकी शिकायतें मिलने के बाद संभागीय मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह ने फोन पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए तो महज आधे घंटे में लंबे समय से आ रही शिकायत का निपटारा हो गया। नंदरामपुरा मंड्रेला के उपभोक्ता सुमेर सिंह का कृषि कनेक्शन के मीटर कनेक्शन को लेकर शिकायत थी। उसे आधा घण्टे में बदलवाया गया। वहीं मण्डावा के हमीरवास नूआं का उपभोक्ता लक्ष्मण सिंह लंबे समय से परेशान था। शिकायत के बाद मीटर बदलवाया गया। जिसके बाद संभागीय मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि अधिकारियों को उपभोक्ता की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान तय सीमा में करना चाहिए। इससे ना केवल डिस्कॉम के प्रति उपभोक्ता का विश्वास बढता है। बल्कि अधिकारियों, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में सामंजस्य, सद्भाव भी पैदा होता है। उन्होंने बताया कि आज की जनसुनवाई में सीकर, नीम का